आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.04.2022

आरेडिका ने कोविड–19 महामारी के बावजूद बनाए 1875 कोच

आरेडिका में वित वर्ष 2021–22 में कोविड–19 की दूसरी लहर के प्रभाव के कारण अप्रैल और मई के दौरान कोच उत्पादन का कार्य बहुत प्रभावित हुआ, इसके बावजूद भी दिनांक 31.03.2022 तक 1875 कोचों का उत्पादन कर आरेडिका ने एक बार फिर एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह सब सम्भव हुआ है आरेडिका के महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस.कलसी के मार्गदर्शन और टीम एमसीएफ के कोच उत्पादन के प्रति समर्पण की भावना से, जिन्होने महामारी के संबंध में रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अथक परिश्रम करके एक वृहद आयाम को प्राप्त किया है।

इन 1875 कोचों के उत्पादन में लगभग आधे से अधिक 975 वातानुकूलित कोचों का निर्माण किया गया है, जो निर्माण कार्य की दक्षता और गुणवत्ता को दर्शता है। निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता को बनाए रखने में आरेडिका के विभिन्न विभागों का लगातार सहयोग प्राप्त हुआ है।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान आरेडिका ने भारतीय रेल के साथ–साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी कोचों का उत्पादन करके अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने कदमों को आगे बढ़ाया है। इस निर्माण कार्य के कारण आरेडिका की कीर्ति विश्व पटल पर स्थापित हुई है।

दिनांक 31.03.2022 को सम्पन्न हुए अपने विदाई समारोह में पूर्व महाप्रबंधक आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने 1875 कोचों के उत्पादन पर,जो कि अबतक का द्वितीय रिकॉर्ड उत्पादन है के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों के प्रतिनिधियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

01.04.2022 से आरेडिका महाप्रबंधक महोदय, के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यो का निर्वहन कर रहे, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस.कलसी ने बताया कि, आरेडिका में वर्तमान में वन्देभारत ट्रेन सेटस के उत्पादन का कार्य तेजी से चल रहा है और भविष्य में आधुनिकतम कोचों के जैसे मेमू , डेमू , और मेट्रो कोचों का निर्माण भी किया किया जाएगा।

01/4/2022

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी